वार्षिक रिपोर्ट | Annual Report 2017-18

जीवन स्तर को बदलते हुए...
भारत को नई बुलंदियों पर ले जा रहा है !

Transforming lives...
Taking India to new heights !

இந்தியன் வங்கி
इंडियन बैंक
Indian Bank

உங்கள் வங்கி • आपका अपना बैंक • YOUR OWN BANK

इंडियन बैंक ने आईटी पहल के अंतर्गत संगठन में पारदर्शिता एवं सतर्कता जागरूकता पहल में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दो पुरस्कार प्राप्त किए । दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान श्री किशोर खरात, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू के करकमलों से पुरस्कार प्रदान किया गया।

Indian Bank bagged two awards for its significant contribution in IT initiative for transparency in the organization and Outstanding Contribution – Vigilance Awareness Initiative. Shri M Venkaiah Naidu, Hon'ble Vice President of India presented the award to Shri Kishor Kharat, MD&CEO, Indian Bank in a function held at New Delhi.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सर्वाधिक स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट लिंक्ड करने वाले दो बैंक में से एक होने के कारण श्री किशोर खरात, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक को माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली के करकमलों से एसएचजी पुरस्कार प्रदान किया गया । यह पुरस्कार नई दिल्ली में नाबार्ड के 36वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया गया । श्रीमती अंजुली चिब दुग्गल, सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग एवं डॉ. एच के भनवाला, सीएमडी, नाबार्ड भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।

Shri. Arun Jaitley, Hon'ble Union Minister for Finance presented the award to Shri. Kishor Kharat, MD & CEO, Indian Bank for being one among the two Public Sector Banks which has credit linked the largest number of SHGs. This award was presented during the 36th Foundation Day celebration of NABARD at New Delhi. Smt. Anjuly Chib Duggal, Secretary, Department of Financial Services, Dr. H.K.Bhanwala, CMD, NABARD were also present during the occasion.

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

टी. सी. वेंकट सुब्रमणियन
गैर–कार्यपालक अध्यक्ष
T C VENKAT SUBRAMANIAN
NON-EXECUTIVE CHAIRMAN

किशोर खरात
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
KISHOR KHARAT
MANAGING DIRECTOR & CEO

ए एस राजीव
कार्यपालक निदेशक
A S RAJEEV
EXECUTIVE DIRECTOR

एम. के. भट्टाचार्य
कार्यपालक निदेशक
M K BHATTACHARYA
EXECUTIVE DIRECTOR

अमित अग्रवाल
AMIT AGRAWAL

जे के दाश
J K DASH

विजय कुमार गोयल
VIJAY KUMAR GOEL

पद्मनाभन विट्टल दास
PADMANABAN VITTAL DASS

सलील कुमार झा
SALIL KUMAR JHA

विनोद कुमार नागर
VINOD KUMAR NAGAR

भरत कृष्ण शंकर
BHARATH KRISHNA SANKAR

महाप्रबन्धक / GENERAL MANAGERS

एस के परिदा
S K Parida

उदय भास्कर रेड्डी के
Udaya Bhaskara Reddy K

नागराजन एम
Nagarajan M

चेळियन एस
Chezhian S

मणिमारन आर
Manimaran R

प्रशांत वी ए
Prasanth V A

लक्ष्मीपति रेड्डी जी
Lakshmipathy Reddy G

गोपाल वी
Gopal V

वेंकटेस पेरुमाल पी
Venkatesa Perumal P

आजाद सिंह गंडस
Azad Singh Gandas

कार्तिकेयन एम
Karthikeyan M

चंद्रा रेड्डी के
Chandra Reddy K

रामू ए
Ramu A

रवि एस
Ravi S

बालसुब्रमणियन आर
Balasubramanian R

रेंगराजन एस
Rengarajan S

देवराज डी
Devaraj D

शेषाद्री टी एस
Seshadri T S

कृष्णन पी ए
Krishnan P A

संदीप कुमार
Sandeep Kumar

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254 - 260 अव्वै षण्मुगम सालै
Corporate Office : 254-260, Avvai Shanmugam Salai
चेन्नै Chennai - 600 014

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2017-18
निष्पादन की प्रमुख बातें PERFORMANCE HIGHLIGHTS

(₹ करोड़ों में) (₹ in crore)

विवरण Particulars	31-03-14	31-03-15	31-03-16	31-03-17	31-03-18
कुल व्यापार Total Business	286634	298057	310918	314654	371020
जमाएं (ग्लोबल) Deposits (Global)	162275	169225	178286	182509	208294
अग्रिम (ग्लोबल) Advances (Global)	124359	128832	132632	132145	162726
निवेश (सकल) Investments (Gross)	47635	46804	53418	67956	71232
ब्याज आय Interest Income	15249	15853	16244	16040	17113
गैर ब्याज आय Non Interest Income	1372	1363	1781	2211	2406
कुल आय Total Income	16621	17216	18025	18251	19519
ब्याज व्यय Interest Expenses	10889	11391	11798	10894	10850
परिचालनगत व्यय Operating Expenses	2831	2811	3195	3356	3668
कुल व्यय Total Expenditure	13720	14202	14993	14250	14518
परिचालनगत लाभ Operating Profit	2901	3014	3032	4001	5001
निवल लाभ Net Profit	1159	1005	711	1406	1259
जमाओं की लागत (%) Cost of Deposits (%)	7.15	7.10	6.76	6.03	5.40
अग्रिमों पर प्रतिफल (%) Yield on Advances (%)	10.38	10.19	9.63	9.17	8.50
निवल ब्याज मार्जिन (%)Net Interest Margin (%)	2.60	2.50	2.33	2.59	2.90
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (%) Return on Average Assets (%)	0.67	0.54	0.36	0.67	0.53
ईक्विटी शेयर पूंजी Equity Share Capital	465	480	480	480	480
रिज़र्व एवं अधिशेष (पुनर्मूल्यन रिज़र्व को छोड़कर) Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve)	11071	12078	12998	13981	15347
निवल संपत्ति Net Worth	11536	12558	13478	14461	15827
सकल एनपीए (%) Gross NPA (%)	3.67	4.40	6.66	7.47	7.37
निवल एनपीए (%) Net NPA (%)	2.26	2.50	4.20	4.39	3.81
पूंजी पर्याप्तता अनुपात Capital Adequacy Ratio					
- बेसल II - Basel II	13.10	13.24	13.67	-	
- बेसल III - Basel III	12.64	12.86	13.20	13.64	12.55
प्रति शेयर अर्जन (₹) Earnings Per Share (₹)	26.07	21.62	14.81	29.27	26.21
प्रति शेयर बही मूल्य (₹) Book Value per Share (₹)	248.16	261.46	280.63	301.10	329.53
प्रति ईक्विटी शेयर लाभांश (₹) Dividend per Equity Share (₹)	4.70	4.20	1.50	6.00	6.00*
शाखाओं की संख्या (नंबर) No. of branches (Nos.)	2253	2412	2565	2682	2823
कर्मचारियों की संख्या (नंबर) No. of employees (Nos.)	19429	20294	20140	20924	19843
प्रति कर्मचारी कारोबार (₹ लाखों में) Business per employee (₹ in lacs)	1453	1443	1531	1488	1856

* प्रस्तावित Proposed

लेखा परीक्षक AUDITORS

प्रकाश चंद्र जैन एण्ड कंपनी
PRAKASH CHANDRA JAIN & CO

गांधी मिनोचा एण्ड कंपनी
GANDHI MINOCHA & CO

पाम्स एण्ड एसोसियेट्स
PAMS & ASSOCIATES

पी एस सुब्रमणिय अय्यर एण्ड कंपनी
P S SUBRAMANIA IYER & CO

एम थामस एण्ड कंपनी
M THOMAS & CO

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै
Corporate Office : 254-260, Avvai Shanumugam Salai
चेन्नै Chennai - 600 014

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2017-18

विषयवस्तु CONTENTS

	पृष्ठ सं.		Page No.
अध्यक्ष का संदेश	1	Chairman's Message	3
प्रनि एवं मुकाअ का संदेश	5	MD & CEO's Message	9
निदेशकों की रिपोर्ट	14	Directors' Report	15
प्रबन्धन विचार विमर्श एवं विश्लेषण	20	Management Discussion and Analysis	21
कॉर्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट	110	Report on Corporate Governance	111
कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	148	Auditors' Certificate on Corporate Governance	149
वित्तीय विवरण – इंडियन बैंक		**Financial Statements – Indian Bank**	
● तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ	152	● Balance Sheet, Profit and Loss Account and Schedules	152
● मुख्य लेखाकरण नीतियां	162	● Significant Accounting Policies	163
● लेखों पर टिप्पणियां	172	● Notes on Accounts	173
● लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	232	● Auditors' Report	233
समेकित वित्तीय विवरण		**Consolidated Financial Statements**	
● तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ	236	● Balance Sheet, Profit and Loss Account and Schedules	236
● मुख्य लेखाकरण नीतियां	244	● Significant Accounting Policies	245
● लेखों पर टिप्पणियां	258	● Notes on Accounts	259
● लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	284	● Auditors' Report	285
अतिरिक्त प्रकटीकरण	286	Additional Disclosures	287

इंडियन बैंक
निवेशक सेवाएं कक्ष
संख्या. 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै
रायपेट्टा
चेन्नै – 600 014
दूरभाष सं 044 28134076; Fax No.044 28134076
ई–मेल : investors@indianbank.co.in

Indian Bank
Investor Services Cell
No.254-260, Avvai Shanmugam Salai
Royapettah
Chennai - 600 014
Tel No. 044 28134076; Fax No. 044 28134076
E – Mail : investors@indianbank.co.in

शेयर अंतरण एजेंट
केमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड
यूनिटः : इंडियन बैंक
सुब्रमणियन बिल्डिंग, 1, क्लब हाउस रोड
चेन्नै – 600 002
दूरभाष सं. 044 28460718; फैक्स सं. 044 28460129
ई–मेल : investor@cameoindia.com

Share Transfer Agent
Cameo Corporate Services Limited
Unit : Indian Bank
Subramanian Building, 1, Club House Road
Chennai - 600 002
Tel No. 044 28460718; Fax No. 044 28460129
E – Mail : investor@cameoindia.com

अध्यक्ष का संदेश

श्री टी सी वेंकटसुब्रमणियन
गैर–कार्यपालक अध्यक्ष

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे निदेशक मंडल की ओर से आपके समक्ष वित्तीय वर्ष 2017–18 में बैंक के निष्पादन की मुख्य बातों को पेश करने में अत्यन्त हर्ष हो रहा है।

आपके बैंक द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों तथा की गई पहल के विवरण, इसके साथ संलग्न इस वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई है।

वर्ष 2017–18 के दौरान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और बैंकिंग उद्योग में हो रहे मूलभूत परिवर्तनों के परिदृश्य में, मैं हमारे मूल्यवान ग्राहकों के प्रति, जिन्होंने बैंक पर अपना दृढ़ विश्वास कायम रखा, आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे यह रिपोर्ट करने में अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि बैंक विगत वर्ष के दौरान लाभ कमाने वाले कुछेक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एक रहा है और विभिन्न मापदण्डों में लगातार अपने समकक्ष के बैंकों से बेहतर निष्पादन कर रहा है। बैंक ने जमाएँ और अग्रिम, दोनों में अपना बाजार शेयर बढ़ा दिया है। देश में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बनने की हमारी यात्रा में आपके सतत समर्थन के लिए मैं पुनः आभार प्रकट करता हूँ।

आर्थिक परिदृश्य – वैश्विक

वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2010 से व्यापक सुधार हो रहा है। 2017 के दौरान लगभग 75 प्रतिशत देशों की विकास दरों में सुधार दिखायी दिया, जोकि 2010 से सर्वाधिक शेयर है। आईएमएफ के हाल ही के विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्लयूईओ) में दर्शाया गया है कि वैश्विक जीडीपी के विकास में वर्ष 2016 के 3.2 प्रतिशत की तुलना में 2017 के दौरान 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2017 में पायी गयी वृद्धि की प्रवृत्ति, 2018 और 2019 के दौरान भी जारी रहने की प्रत्याशा की गई है तथा दोनों वर्षों के लिए वैश्विक वृद्धि की दर को 3.9 प्रतिशत के रूप में बढ़ाया गया है (पिछले पूर्वानुमानों की तुलना में 0.2 प्रतिशत प्वाइंट उच्चतर तुलनात्मक आंकडे)।

युनाइटेड स्टेट्स के लिए वृद्धि के पूर्वानुमान को संशोधित किया गया है तथा 2017 में प्रत्याशित कार्यकलाप से अधिक एवं सुदृढ कार्यकलापों की प्रत्याशा के साथ प्रक्षेपित बाह्य मांग अधिक होने का अनुमान किया गया है और कर सुधार में, खासकर कॉर्पोरेट करों को घटाने और निवेश के लिए उठाये गये पूर्ण खर्च हेतु अस्थायी अनुज्ञा दिये जाने के कारण व्यापक आर्थिक प्रभाव पडेंगे। कई यूरो क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर, खासकर जर्मनी, इटली और नेदरलैण्ड्स की वृद्धि बढ गयी है जिससे देशी मांग में सुदृढ बदलाव एवं उच्चतर बाह्य मांग प्रतिबिंबित की गई हैं। अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए वर्ष 2018 और 2019 हेतु वृद्धि के पूर्वानुमान भी बढाये गये हैं, जोकि विशेष रूप से उन्नत एशियाई अर्थव्यवस्थाएं, जो वैश्विक व्यापार और निवेश के आउटलुक के प्रति संवेदनशील हैं, में सुदृढ वृद्धि को प्रतिबिंबित करती है। यूएसए और चीन द्वारा अपनायी गयी संरक्षणात्मक नीति तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते कच्चा तेल की कीमतें, भारत सहित कई देशों के विकास के पूर्वानुमान में मुख्य चुनौती है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरक्षण के संबंध में पुनः डर, उसकी प्रतिक्रियाएं और ट्रेड से संबंधित झगडों से मुख्य चुनौतियाँ उठती हैं जिसमें भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं (ईएमई), जो खुलकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भाग लेते हैं और अपने विकास की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए विदेशी पूँजी अंतर्प्रवाह पर भरोसा करते हैं, को प्रभावित करता है।

आर्थिक परिदृश्य – देशी

जीएसटी का प्रादुर्भाव, बैंकों के गैर– निष्पादक आस्तियों के कारण होनेवाली समस्याओं के समाधान की दिशा में लिये जानेवाले महत्वपूर्ण कदम, एफडीआई को और अधिक उदार बनाने आदि के कारण सुधार की गति को सुदृढ बनाया गया है। वर्ल्ड बैंक की 'ईस ऑफ डूइंग बिजिनेस रिपोर्ट (ईओडीबी), 2018 में तीस स्थान आगे आकर भारत ने पहली बार सर्वोच्च 100 में स्थान प्राप्त कर लिया। व्यापक सूचकांकों में सरकार के सुधारात्मक कदम इन रैंकिंग से प्रदर्शित होता है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा विमोचन किये गये हाल ही के वार्षिक राष्ट्रीय आय, 2017–18 के अनंतिम अनुमान के अनुसार, 2017–18 के लिए जीडीपी (स्थिर मूल्य) में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होने का आकलन किया गया है जबकि 2016–17 में वृद्धि की दर 7.1 प्रतिशत थी।

अगले राष्ट्रीय चुनाव तक लागू रहने वाली आर्थिक नीति, 2018–19 की संभावनाओं को निर्धारित करेगी। आगामी वर्ष में मेक्रो इकनॉमिक स्थिरता को नियंत्रित करने और अब जारी सुधारात्मक कदमों को सुदृढ बनाने, दबावग्रस्त आस्तियों एवं पुनः पूँजीकरण की प्रक्रिया को निपटाने तथा कच्चे तेल के बढ़ते मूल्यों के प्रभाव को मन्द करना ही मुख्य तत्व रहेंगे, जो आगामी वर्ष के दौरान आर्थिक विकास के आयाम को निर्धारित करेंगे।

बैंकिंग क्षेत्र का निष्पादन :

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के तुलन पत्रों में बढते एनपीए खातों के कारण इस वर्ष के दौरान इंडियन बैंकिंग उद्योग को चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरना पडा। ट्विन तुलन पत्र (टीबीएस) चुनौतियों का समाधान करने के लिए निर्णयात्मक कार्रवाई की गयी। नये भारतीय दिवालियापन कोड (आईबीसी) ने एक ऐसा समाधान ढाँचा प्रदान किया है जो कॉर्पोरेटों को अपने तुलन पत्रों को स्वच्छ बनाने और ऋणों को घटाने में सहायक सिद्ध होंगे।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के तुलन पत्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए भारत सरकार ने बडी मात्रा के पुनःपूँजीकरण पैकेज की घोषणा की। इन्सोल्वेन्सी एण्ड बैंकरप्ट्सी कोड (आईबीसी) के अंतर्गत बडे तनावग्रस्त उधारकर्ताओं को समाधान के लिए संदर्भित किया जाता है। इससे अपेक्षा की जाती है कि ऋण के प्रवाह में आगे बढोत्तरी होगी और नये निवेश के लिए माँग सृजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान अर्थव्यवस्था के विकास की मन्द गति और निम्न कैपेक्स मांग के कारण आस्ति गुणवत्ता के दबाव अधिक रहे।

आपका बैंक एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, जिसको पुनःपूँजीकरण प्रदान नहीं किया गया और भारत के माननीय वित मंत्री द्वारा सुदृढ सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक कहा गया।

बैंक अपने अग्रिमों में बढोत्तरी लाने और उसके फलस्वरूप जमाओं और अग्रिमों, दोनों में अपने बाजार शेयर को बढाने में सक्षम रहा।

गृह ऋण, एमएसएमई आदि की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विशेषीकृत शाखाएँ खोली गयीं ताकि घटायी गयी टर्नअराउण्ड समय के साथ पूर्ण समाधन हेतु केन्द्रित ध्यान दिया जा सके।

बैंक, प्राथमिकता क्षेत्र को ऋणद के प्रत्येक संवर्ग में, अर्थात प्राथमिकता क्षेत्रक अग्रिमों के अंतर्गत 47.08 प्रतिशत का स्तर (अनिवार्य 40 प्रतिशत), कृषि के अंतर्गत 20.91 (18 प्रतिशत), कमजोर वर्गों को अग्रिमों में 12.58 प्रतिशत (10 प्रतिशत) और एमएसएमई के अंतर्गत माइक्रो उद्यमों को ऋणद में 9.30 प्रतिशत (7 प्रतिशत) निर्धारित लक्ष्यों को हासिल कर सका।

बैंक के कारोबार एवं वित्तीय उपलब्धियाँ:

इस परिदृश्य में मैं प्रमुख क्षेत्रों में बैंक द्वारा किये गये निष्पादन की मुख्य बातों का अवलोकन आपको प्रदान करना चाहता हूँ।

- 31 मार्च, 2018 को बैंक के कारोबार में 17.91 की वृद्धि से यह 3,71,020 करोड़ रुपए रहा। जमाओं में जबकि 25,785 करोड़ रुपए या 14.13 प्रतिशत की वृद्धि से यह 2,08,294 करोड़ रुपए हुई, अग्रिमों में 23.14 प्रतिशत की वृद्धि से यह 1,62,726 करोड़ रुपए रहा।
- वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए बैंक का परिचालनगत लाभ 5000.99 करोड़ रुपए रहा जबकि निवल लाभ 1258.99 करोड़ रुपए रहा।
- 31 मार्च, 2018 को बैंक का नेट वर्थ बढकर 15826.98 करोड़ रुपए रहा।
- वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए प्रति शेयर अर्जन और प्रति शेयर बही मूल्य क्रमशः 26.21 रुपए रहे। वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए ईक्विटी पर प्रतिलाभ 8.27 प्रतिशत रहा।
- 31 मार्च, 2018 को बेसल ।।। के अधीन बैंक की वित्तीय स्थिरता, जोकि उसके सीआरएआर (जोखिम भारित आस्तियों के तुलना में पूंजी अनुपात) में प्रतिबिंबित है, 12.55 प्रतिशत पर सुदृढ रहा।

भविष्य की ओर :

भारिबैंक के वार्षिक नीति विवरण के अनुसार 2018–19 में आर्थिक क्रियाकलापों की गति में तेजी आने की अपेक्षा की जा रही हैं क्योंकि उनको अनुकूल देशी एवं वैश्विक वातावरण से लाभ मिल रहा है।

जीएसटी के कार्यान्वयन से संबंधित प्रारंभिक कठिनाइयाँ कम हो रही हैं और हाल ही की अवधि में ऋण की प्राप्तियां बेहतर हो गई हैं और यह व्यापक बन रहा है, जोकि निर्माण क्षेत्र और नयी निवेश कार्यकलापों के लिए हितकारक है।

जीएसटी को नियमित बनाने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनः पूँजीकरण और इन्सॉल्वेन्सी और बैंकरप्ट्सी कोड (आईबीसी) के अंतर्गत तनावग्रस्त आस्तियों के समाधान से कारोबार एवं निवेश के माहौल में सुधार होने की अपेक्षा की जाती है।

भारत सरकार, ग्रामीण एवं मूलभूत संरचनागत क्षेत्रों के विकास को महत्व दे रही है, अतः ग्रामीण क्षेत्रों में मांग बढने और निजी निवेश में बढोत्तरी होने की प्रत्याशा की जाती है।

आभारोक्तियाँ :

मैं अपने मूल्यवान ग्राहकों से प्राप्त अनवरत समर्थन और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिसके बिना उत्कृष्टता की हमारी अनवरत खोज और बैंक ने जो परिणाम हासिल किये हैं, संभव नहीं हुआ होगा। मैं सभी स्टेक धारकों के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ और उनके सतत सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मैं सभी शेयरधारकों को आपके बैंक पर आपके निरन्तर विश्वास के लिए पुनः आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

इस अवसर पर मैं बैंक के पूरे कार्यबल के निष्ठावान एवं सराहनीय प्रयासों के लिए, जो चुनौतीपूर्ण बाहरी माहौल में, जिसमें आपके बैंक ने काम किया, उत्तम रहा है, अपने हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करना चाहता हूँ।

जैसे ही आपका बैंक गूड से ग्रेट बनने की यात्रा में आगे जा रहा है, मैं आप सबके समर्थन एवं संरक्षण की अपेक्षा करता हूँ।

शुभकामनाओं के साथ

आपका

टी सी वेंकट सुब्रमणियन
गैर–कार्यपालक अध्यक्ष

Shri. T C Venkat Subramanian
Non-Executive Chairman

Chairman's Message

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors, it gives me immense pleasure to place before you the highlights of your Bank's performance during the Financial Year 2017-18.

Details of the achievements and initiatives taken by your Bank are provided in the enclosed Annual Report for the year.

Given the challenging circumstances during 2017-18 and the Banking industry undergoing a radical transformation, I am grateful to our valued customers who have continued to repose their trust in us. I am very happy to report that, your Bank has emerged as one of the very few profitable Public Sector Banks in the year gone by and has been continuously performing better than its peers in various parameters and has improved its market share in both the deposits and Advances. I once again acknowledge your continued support in our journey towards being the best Public Sector Bank in the country.

Economic Overview – Global

Global economy is experiencing a most broad-based recovery since 2010. In 2017, roughly three-quarters of countries experienced improvements in their growth rates, the highest share since 2010. The latest World Economic Outlook (WEO) of the IMF shows global GDP growth accelerated to around 3.6 percent in 2017 from 3.2 percent in 2016. The stronger momentum experienced in 2017 is expected to carry into 2018 and 2019, with global growth revised up to 3.9 percent for both years (0.2 percentage point higher relative to the fall forecasts).

The growth forecast for the United States has been revised up given stronger than expected activity in 2017, higher projected external demand, and the expected macroeconomic impact of the tax reform, in particular the reduction in corporate tax rates and the temporary allowance for full expensing of investment. Growth rates for many of the euro area economies have been marked up, especially for Germany, Italy, and the Netherlands, reflecting the stronger momentum in domestic demand and higher external demand. The growth forecast for 2018 and 2019 has also been revised up for other advanced economies, reflecting in particular stronger growth in advanced Asian economies, which are especially sensitive to the outlook for global trade and investment.

Protectionist policy adopted by USA and China and rising crude oil prices to the global economy pose a major challenge to the growth forecast including India. Renewed fears of protectionism, retaliatory actions and trade wars pose a major challenge to the global economy, with implications for emerging market economies (EMEs), including India, that are participating in open international trade and relying on foreign capital flows to realise their developmental aspirations.

Economic Overview – Domestic

Introduction of GST, significant steps being undertaken towards resolution of problems associated with non-performing assets of the banks, further liberalization of FDI, etc., strengthens the momentum of reforms. India jumped thirty places to break into the top 100 for the first time in the World Bank's Ease of Doing Business Report (EODB), 2018. The rankings reflect the Government's reform measures on a wide range of indicators.

As per the provisional estimates of Annual National Income 2017-18, released by Central Statistics Office, the growth in GDP (constant prices) for 2017-18 is 6.7 per cent as compared to the growth rate of 7.1 per cent in 2016-17.

The outlook for 2018-19 will be determined by economic policy in the run-up to the next national election. Controlling macro-economic stability and stabilisation of ongoing reforms, speedy Resolution of stressed assets and recapitalisation process and impact of rising crude oil prices will be the key factors which will shape the economic development in the forthcoming year.

Performance of the Banking sector:

The Indian banking industry continued to face challenging times during the year due to the rising NPAs in balance sheets of Public Sector Banks. Decisive action was taken to tackle the Twin Balance Sheet (TBS) challenges. The new Indian Bankruptcy Code (IBC) has provided a resolution framework that will help Corporates clean up their balance sheets and reduce their debts.

The Government of India announced a large recapitalization package (about 1.2 per cent of GDP) to strengthen the balance sheets of the public sector banks (PSBs). Large distressed borrowers are being referenced for resolution under the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC). This is expected to improve credit flows further and create demand for fresh investment.

Asset quality pressures have remained elevated during FY 2017-18 due to tepid growth in the economy and low capex demand.

Your Bank was the only Public Sector Bank which has not been recapitalised and has been acknowledged as a sound Public sector Bank by the Hon'ble Finance Minister of India.

Bank was able to grow its Advances sizeably and in turn the Market share of both Deposits and Advances consequently.

Specialised branches catering to the need of Home loans, MSME etc., were opened to extend focused attention for end to end solution with reduced turnaround time.

Bank was also able to surpass all National goals set under Priority sector lending for each category viz, Level of 47.08 per cent (Mandatory 40 per cent) under Priority Sector Advances, 20.91 per cent (18 per cent) in Agriculture, 12.58 per cent (10 per cent) for Advances to weaker sections and 7.87 per cent (7.50 per cent) in lending to Micro Enterprises under MSME.

Bank's Business and Financial Achievements:

Against this backdrop, I would like to give an overview of the Bank's performance in important parameters.

- Bank's Business grew by 17.91 per cent to ₹ 3,71,020/- crore as on 31st March 2018. While Deposits grew by ₹ 25,785 crore or 14.13 per cent to ₹ 2,08,294 crore, Advances grew by 23.14 per cent and stood at ₹ 1,62,726/- crore.
- Operating Profit of the Bank for FY 2017-18 was at ₹5000.99 crore, while Net Profit stood at ₹1258.99 crore.
- Net worth of the Bank increased to ₹15826.98 crore as on 31st March 2018.
- Earnings per share for FY 2017-18 and Book value per share were at ₹26.21 and ₹329.53 respectively. Return on Equity was at 8.27 per cent for FY 2017-18.
- Bank's financial soundness as reflected by the CRAR (Capital to Risk Weighted Assets Ratio) was strong at 12.55 per cent under Basel III as on 31st March 2018.

Way Forward:

As per RBI's Annual Policy statement, economic activity is expected to gather pace in 2018-19, benefitting from a conducive domestic and global environment.

The teething troubles relating to implementation of the GST are receding and credit off-take has improved in the recent period and is becoming increasingly broad based, which augurs well for the manufacturing sector and new investment activity.

With the formalisation of GST, recapitalisation of public sector banks and resolution of distressed assets under the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), the business and investment environment is expected to improve. With the Government of India's thrust on rural and infrastructure sectors, the demand is expected to increase in rural areas and also boost the private investment.

Acknowledgements:

I would like to place on record, the unstinted support and guidance from our valued customers without which our sustained quest for excellence would not have yielded the results which Bank achieved. I would also like to acknowledge the support of all other stakeholders and I am grateful to each one of them for their continued cooperation. I wish to sincerely thank all, our valuable shareholders once again for their continued confidence in your Bank.

I would also like to take this opportunity to express my sincere appreciation for the dedicated and commendable efforts of the entire work force of the Bank considering the challenging external environment in which your Bank operated.

We look forward to your continued support and patronage as your Bank embarks on its journey of making the Bank from Good to Great.

With best wishes

Yours sincerely

T C VENKAT SUBRAMANIAN
NON-EXECUTIVE CHAIRMAN

श्री किशोर खरात
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

प्रिय शेयर धारकों,

मुझे व्यक्तिगत तौर पर तथा बैंक के निदेशक मंडल एवं बैंक के कर्मचारियों की ओर से आप सबको आपके बैंक की 12वीं वार्षिक आम बैठक में स्वागत करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।

सर्वप्रथम मैं इस अवसर पर अपने सम्माननीय शेयर धारकों को इन वर्षों के दौरान उनके द्वारा दिए गए सतत् समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करता हूँ।

31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण, कॉर्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट, कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखा परीक्षकों के प्रमाणपत्र, वित्तीय विवरणियाँ तथा समेकित वित्तीय विवरणियाँ पहले ही परिचालित की जा चुकी है और आपकी अनुमति के साथ मैं यह मानकर चलता हूँ कि आपने उन्हें पढ लिया है।

वित्तीय परिणामों पर चर्चा करने के पहले, मैं मैक्रो अर्थव्यवस्था पर कुछ कहना चाहूँगा। देशी एवं वैश्विक मार्केटों के बीच उच्च स्तरीय आपसी संबंध होने के कारण तथा वैश्विक संस्थाओं की भारतीय अर्थव्यवस्था पर रखे जानेवाले दृष्टिकोण, जिन्हें देशी नजरिए से देखा जाना है, यह जरूरी है कि हम भारत की अर्थव्यवस्था के साथ ही साथ विश्व की आर्थिक व्यवस्था पर भी लगातार नजर रखें।

आर्थिक अवलोकन – वैश्विक अर्थव्यवस्था

वर्ल्ड बैंक के पूर्वानुमान के अनुसार वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2017 के दर्शाए गए 3 प्रतिशत के प्रत्याशित वृद्धि से, वर्ष 2018 के दौरान 3.1 प्रतिशत होने का अनुमान हैं । इसका कारण निवेशों, विनिर्माण तथा व्यापार में वृद्धि हुई है। वैश्विक आर्थिक गतिविधियाँ सशक्त होती गई हैं तथा यह विभिन्न क्षेत्रों में बढती मात्रा में सिंक्रोनाइज हुई दिखाई दे रही है। दो वर्षों की धीमी स्थिति के बाद वैश्विक व्यापार, माँग से अधिक बढ़ा है तथा नाजुक डिमांड –सप्लाई संतुलन में कच्चे तेल की कीमतों में भी बढोत्तरी हुई है।

जहाँ तक उन्नत अर्थव्यवस्था की बात है, वर्ष 2018 के दौरान विकास दर में मध्यम गति अनुमानित है जो लगभग 2.2 प्रतिशत हो सकती है। चूँकि केन्द्रीय बैंकों द्वारा पोस्ट क्रैसिस एकोमडेशन धीरे–धीरे हटाए जा रहे हैं तथा निवेशों में ऊपरी चढाव स्थिरता की ओर बढ रहे हैं। इसके मुक़ाबले में, उभरते बाजारों एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ मिलकर वर्ष 2018 में 4.5 प्रतिशत का मजबूत विकास दर प्राप्त करने के अनुमान हैं, क्योंकि बढती मूल्यों के बीच भी वस्तुओं के निर्यात में सुधार आया है।

वैश्विक दृष्टिकोण बडी मात्रा में संभावित नेगेटिव जोखिमों के अद्यधीन है जिसमें संभावित वित्तीय दबाव, बढती हुई संरक्षणवाद, बढते हुए भू–राजनीतिक तनाव, प्रतिशोधनात्मक कार्रवाई तथा व्यापार–युद्ध शामिल हैं। यदि निकट भविष्य की विकास दर ऊपर हो तो यह आश्चार्यजनक नहीं होगा। इन सबका भारत सहित सभी उभरते बाजारों पर शक्तिशाली प्रभाव पड़ सकते हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में कई महत्वपूर्ण घटनाएँ घटी–

- 14 वर्ष में पहलीबार मूडी ने देश की रेटिंग को निम्नतम निवेश ग्रेड ''बीएए3'' से ''बीएए2'' में बदला तथा अऊटलुक को ''स्थिर'' से ''सकारात्मक'' में बदला
- बैंकिंग विनियमन (संशोधन) बिल 2017 पारित किया गया जो भारतीय रिज़र्व बैंक को दबावग्रस्त आस्तियों को सुलझाने के संबंध में बैंकों को सलाह देने/मार्गदर्शन प्रदान करने की शक्ति प्रदान करता है।
- दिवालियापन एवं बैंकक्रप्सी कोड (संशोधन) बिल 2017 पारित किया गया जो मौजूदा नियमों में स्थित कमियों को दूर करने तथा दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान की प्रक्रिया को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए किया गया था।
- भारत सरकार ने अक्टूबर 2017 के दौरान सरकारी बैंकों को रु.2.11 लाख करोड़ की पूँजी देकर पुनःपूँजीकरण योजना को अनुमोदित किया, जिसमें 1.35 लाख करोड के पुनःपूँजीकरण बाँड तथा बकाया पूँजी की राशि बैंकों द्वारा स्वयं जुटाई जानी थी।
- भारत सरकार ने 24 जनवरी 2018 को सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के लिए " पहुँच में आसानी और सेवा उत्कृष्टता" एजेंडा का अनावरण किया जो सरकारी बैंकों को 2 वर्षों की समय अवधि के दौरान सहक्रियात्मक दृष्टिकोण से बेंचमार्क उत्कृष्टता की ओर रूपांतरित करने के उद्देश्य से की गई थी।
- 24 जनवरी 2018 को भारत सरकार ने 20 सार्वजनिक बैंकों को 88,139 करोड़ रुपए प्रदान करने के प्रस्ताव की घोषणा की। देवियों और सज्जनों, मैं अत्यंत गर्व के साथ इस बैठक में उपस्थित विशिष्ट व्यक्तियों के ध्यान में यह लाना चाहता हूँ कि सिर्फ आपका बैंक ही एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक था, जिसे पूंजी के लिए भारत सरकार के पास जाने की जरूरत नहीं थी, इस तथ्य को भारत सरकार ने भी मुख्य रूप से व्यक्त किया था ।
- भारत सरकार ने बैंकों के लिए मुद्रा योजना के तहत 3 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा है तथा एमएसएमई के लिए 3794 करोड़ की ऋण सहायता, पूंजी एवं ब्याज अनुदान निर्धारित किए हैं ताकि एमएसएमई क्षेत्र को ऋणद बढ़ा दिया जाए और वर्ष 2018 –19 के बजट में किए गए घोषणा के अनुरूप सम्मिलित विकास निश्चित रूप से दर्ज किया जा सके।

- भारत रिजर्व बैंक ने अपने नियमों में बदलाव किए जिसके तहत उधारकर्ता को रियल स्टेट इंवेस्टमेंट ट्रस्टों (आरईआईटी) तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट न्यासों में ईन्सट्रूमेंटों के यूनिट कैपिटल के 10 प्रतिशत का निवेश किया जा सकता है ।

- माइक्रो, लघु तथा मध्यम उद्यमों को दिये जाने वाले ऋणों में सुधार लाने के लिए सिडबी द्वारा एक नया पोर्टल "उद्यमी मित्र" प्रवर्तित किया है।

बैंकिंग क्षेत्र

- भारतीय बैंकिंग उद्योग के लिए यह वर्ष एक और चुनौतीपूर्ण वर्ष था । इसके प्रमुख कारण ऋणों में कम वृद्धि, आस्ति की गुणवत्ता में लगातार दबाव बनाए रखना, बढ़े हुए गैर निष्पादक आस्तियों के लिए अधिक प्रवाधान तथा बॉण्ड से प्राप्त आमदनी में कमी थी । इन सभी कारणों से लाभप्रदत्ता में कमी दर्शायी गई । गिरती आर्थिक परिस्थितियों के कारण तथा बदलते विनियामक वातावरणों के कारण भी बैंकों के निष्पादन पर प्रभाव पड़ा ।

- एक ओर मांग में कमी तथा आस्तियों की गुणवत्ता में बढ़ते दबाव के चलते बैंकों द्वारा सावधानी पूर्वक वितरित ऋणों की वजह से ऋणों में बहुत कम वृद्धि दर्शाई गई, जो रेकॉर्ड तौर पर कम दर्ज की गई, इसके अन्य घटकों में औद्योंगिक आऊटपुट, लीवरेज्ड, कॉर्पोरेट तुलनपत्र तथा अल्प सीएपीईएक्स योजनाएँ रही हैं ।

गुड से ग्रेट तक का सफर – एक परिवर्तनकारी यात्रा :

आज, बैंकिंग के क्षेत्र में एनपीए, बड़े मूल्य के धोखाधड़ी की घटना एवं अभिशासन संबंधी मुद्दों के कारण पैदा हुए तनावपूर्ण वातावरण में आपका बैंक एक स्टार पर्फोर्मर के रूप में उभरकर सामने आया है। आपके बैंक ने सभी महत्वपूर्ण वित्तीय मानकों में बेहतर प्रदर्शन करके खुद को एक मजबूत बैंक के रूप में स्थापित किया है।

पूंजी के मामले में बैंक लाभ के निरंतर पुनर्निवेश से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाए हुए है । इसके साथ ही 2007 से बैंक ने अपने शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करने का ट्रैक रिकॉर्ड भी बनाए रखा है। आपके बैंक को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मध्य शीर्ष बैंकों में से एक के रूप में मूल्यांकित किया जा रहा है । इसके साथ ही इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा आपके बैंक को **'सर्वश्रेष्ठ बीएफएसआई ब्रांड 2018'** के तहत वर्गीकृत किया गया है।

जिस प्रकार का मैंने वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान बैंक का निष्पादन देखा है, इसके कारण आप यह जानकर हर्षित एवं आश्चर्यचकित होंगे कि हमारे वित्तीय परिणामों ने यह एक स्पष्ट संदेश स्थापित करने में मदद की है कि केवल सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होना ही उत्कृष्ट निष्पादन में बाधा हो, यह जरूरी नहीं है ।

वर्ष के दौरान बैंक ने 5 मुख्य मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया, यथा : 'व्यापार के मानदण्डों को सक्रिय बनाना', 'ग्राहक सेवा को जीवंत बनाना', 'आस्तियों की गुणवत्ताा को बढाना', 'संचालन क्षमता में वृद्धि लाना' एवं 'बैंक का डिजिटल बैंकिंग में परिवर्तन'। इस 'पंच–मंत्र' का पालन करके, बैंक ने कई महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं तथा इस प्रकार यह खुद को अपने मिशन 'गुड बैंक' से 'ग्रेट बैंक' में बदलने की ओर बढ़ रहा है।

खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ–साथ व्यापार रणनीति के पुनर्विन्यास ने अच्छे नतीजे दिए हैं तथा बैंक, अग्रिम में बड़े पैमाने पर वृद्धि हासिल करने में समर्थ हो सका है।

वित्तीय विशिष्टताएं :

इस पृष्ठभूमि के साथ, मैं प्रमुख मानकों पर बैंक के निष्पादन का एक स्नैपशॉट प्रस्तुत करना चाहूँगा :

- मार्च 2018 को समाप्त वर्ष तक बैंक का कारोबार 17.91 प्रतिशत बढ़कर रु. 3,71,020 करोड़ हो गया, जिसमें जमा में वृद्धि रु. 25,785 करोड़ (14.13 प्रतिशत) से रु. 2,08,294 करोड़ हुई तथा अग्रिम रु. 30581 करोड़ (23.14 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 1,62,726 करोड़ तक पहुँच गई ।

- वित्तीय वर्ष 2017–18 में परिचालन लाभ में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा यह रु. 5000.99 करोड़ रहा जबकि निवल लाभ रु. 1258.99 करोड़ था ।

- बैंक सुदृढ़ रूप से पूंजीकृत है जो आस्तियों से संबंधित जोखिमों को दूर रखता है । मार्च 2018 के अंत में बेसल III के तहत 12.55 प्रतिशत सीआरएआर के साथ, बैंक ने, वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान व्यापार वृद्धि हेतु पूँजी बढ़ाने एवं नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार भारत सरकार के शेयर को 75 प्रतिशत से कम करने के लिए, सही समय पर बाजार को पकड़ने की योजना बनाई है। बैंक को आवश्यकता के आधार पर विभिन्न माध्यमों से पहले ही एक व एक से अधिक श्रृंखलाओं द्वारा रु. 7000 करोड़ (प्रीमियम सहित) तक की पूँजी एकत्र करने की माननीय शेयर धारकों से आवश्यक स्वीकृति मिल चुकी है ।

- 0.53 प्रतिशत की आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) सार्वजनिक क्षेत्र के श्रेष्ठ बैंकों में से एक है ।

- अल्प लागत चालू खाता एवं बचत खाता (कासा – देशी) के शेयर के साथ ऐडव्वैट रिसोर्स प्रोफाइल सहित कुल जमाओं के 37.78 प्रतिशत ने बैंक को 14.59 प्रतिशत (वर्ष–दर–वर्ष) की वृद्धि के साथ रु.76,402.08 करोड़ तक पहुंचाने में सक्षम बनाया है।

- चालू जमाओं (घरेलू) में 31.97 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष–दर–वर्ष) दर्ज की गई, जो 12,425.57 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

- 31.03.2017 को बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,364 करोड़ था जो 31.03.2018 को बढ़कर 14,399 करोड़ रुपये हो गया।

- भारत सरकार द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करना, बैंक की कार्यसूची में सर्वोच्च था और निर्धारित मानदण्डों को पूरा किया गया अर्थात वर्ष 2017 – 18 में तिमाही औसत समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) के प्रतिशत के रूप में प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम (58,978.78 करोड़ रुपये) 40 प्रतिशत के नियामक लक्ष्य के मुकाबले 47.08 प्रतिशत (टर्मिनल स्तर पर 48.51 प्रतिशत) था। तिमाही औसत समायोजित निवल बैंक ऋणद (एएनबीसी) के प्रतिशत के रूप में कृषि उधार 18 प्रतिशत (21.07 प्रतिशत टर्मिनल स्तर के आधार पर) के लक्ष्य के मुकाबले 20.91 प्रतिशत (26,198.31 करोड़ रुपये) था।

- एमएसएमई क्षेत्र पर पूर्णतः ध्यान देने के लिए देश भर में संभावित / औद्योगिक केंद्रों पर 18 एमएसएमई शाखाएं खोली गईं। एमएसएमई ऋण के लिए त्वरित टर्नअराउंड समय की सुविधार्थ 7 महानगरीय केंद्रों में एमएसएमई–केंद्रीय प्रसंस्करण इकाइयां खोली गईं। नतीजतन, एमएसएमई पोर्टफोलियो 20.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,863.74 करोड़ रुपये से बढ़कर 28,854.17 करोड़ रुपये हो गया।

- 31 मार्च, 2018 को सकल एनपीए से सकल अग्रिम अनुपात तथा निवल एनपीए से निवल अग्रिम अनुपात घटकर क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 3.81 प्रतिशत हो गया जोकि कि 31 मार्च, 2017 को क्रमशः 7.47 प्रतिशत और 4.39 प्रतिशत था। दबाववग्रस्त आस्ति अनुपात भी घटकर 8.65 प्रतिशत हो गया जोकि 31.03.2017 10.74 प्रतिशत था।

- भारत भर में अपने नेटवर्क को बढ़ाने ऐसे क्षेत्रों में जहां बैंकिंग सेवाएँ कम हैं तथा जो क्षेत्र बैंकिंग सेवाओं से रहित हैं, उन क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ाने के लिए, 8964 डिलिवरी पॉइंट्स तक पहुँचने के लिए वर्ष के दौरान बैंक में 141 शाखाएं खोली गईं, जिसमें 2820 वास्तविक शाखाएं और 3399 एटीएम शामिल हैं, जिनमें से 553 बंच नोट एक्सेप्टर जो नकदी रीसाइक्लिंग कार्यक्षमता को आसान बनाते हैं।

- एसएचजी को विशेष उधार उपलब्ध कराने के लिए, बैंक में (39) विशेष माइक्रोसाइट शाखाएं हैं। इन शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान 24130 एसएचजी को कवर करते हुए 904.33 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया तथा मार्च 2018 के अंत 37,731 एसएचजी को कवर करते हुए कुल बकाया अग्रिम 973.19 करोड़ रुपये था।

- बैंक की सिंगापुर व श्रीलंका कोलंबो तथा जाफना में अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है। इन दोनों केन्द्रों से बैंकों को काफी लाभ होता है तथा बैंक ने इन केन्द्रों पर अधिक व्यापार वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित किया है।

बैंक के प्रमुख पेरामीटरों जैसे आरओए, आरओई, व्यापार में निवल लाभ, व्यापार में परिचालन लाभ तथा लागत आय अनुपात में अन्य पीएसबी की तुलना में लगातार सुधार हुआ।

वित्तीय समावेशन पहलें

- वित्तीय समावेशन हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय मिशन 'प्रधान मंत्री जन–धन योजना (पीएमजेडवाई) को सहयोग प्रदान करने में आपका बैंक अग्रणी रहा है और इस योजना के शुरुआत से ही आपके बैंक ने सराहनीय निष्पादन किया है, जिसे निम्नांकित तथ्य दर्शाते हैं:

- पीएमजेडीवाई की शुरुआत से और 31.03.2018 तक 33.10 लाख बेसिक बचत बैंक जमा खाते खोले गए।

- वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, प्रति कारोबार/व्यवसाय प्रतिनिधियों (बीसी) द्वारा 1000 औसत मासिक लेनदेन किया गया था और बीसी द्वारा किए गए लेनदेन की संख्या के मामले में बैंक सभी बैंकों में प्रथम स्थान पर रहा ।

- तमिलनाडु राज्य में, गांवों में लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन का भुगतान, वित्तीय समावेशन के तहत कवर किया गया, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित स्मार्ट कार्ड सक्षम कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल का उपयोग कर बैंक खातों के माध्यम से किया जाता है – राज्य में हमारे बैंक मित्र के माध्यम से प्रति माह 5.62 लाख लाभार्थियों को पेंशन संवितरित की गई।

सामाजिक उत्तरदायित्व

- बैंक, भारत के नागरिकों की सेवा की प्रतिबद्धता के साथ समाज के लाभ के लिए लगातार विभिन्न पहल चला रहा है। वर्ष 2017 – 18 के दौरान कुछ ऐसी उल्लेखनीय पहल इस प्रकार हैं :

- स्वच्छ भारत अभियान : अरपूकरा श्री सुब्रमणिय स्वामी मन्दिर में शौचालय के निर्माण को प्रायोजित किया गया।

- महिलाओं का सशक्तिकरण : बैंक ने तैक्काड में शिशु कल्याण हेतु केरल राज्य परिषद (केएससीसीडब्ल्यू) भवन में अनुरक्षण के कार्य को प्रायोजित किया।

- समावेशी विकास : बैंक ने विभिन्न विकासात्मक कार्यकलापों में सेलम स्मार्ट सिटी परियोजना, तंजाऊर मुनिसिपल कॉर्पोरेशन और चिकमगलूर कॉर्पोरेशन को सहायता की।

- ग्रामीण गरीब, दिव्यांग समुदाय और वृद्धाश्रमों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों और नेत्रविहीन एवं कई असमर्थताओं से पीडित व्यक्तियों को सहायता।

- पूरे भारत में रक्त / अंग दान शिविर तथा स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर आयोजित किये गये।

प्रौद्योगिकी का पूर्ण प्रयोग

- डिजिटल चैनलों के माध्यम से सेवाओं को वितरित करने में दक्षता में सुधार पर ध्यान देने के साथ बैंक ने अपने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में निवेश करना जारी रखा है। 2017–18 के दौरान शुरू की गई ऐसी केन्द्रित सेवाएँ इस प्रकार है :

- ऑनलाइन फॉर्म 16ए डाउनलोड सॉफ्टवेयर, ग्राहकों को बैंक की वैबसाइट से फॉर्म 16ए को सीधे डाउनलोड करने की सुविधा प्रदान करता है।

- हमारे डेबिट कार्ड के माध्यम से किए गए एटीएम लेनदेन की सुरक्षा में सुधार और वृद्धि के लिए एनएफएस लेनदेन हेतु डायनामिक की एक्सचेंज की शुरुआत (डीकेई) की गई।

- भीम–आधार उपकरणों के माध्यम से आधार सक्षम बिक्री केंद्र भुगतान सक्षम किया गया।

- नेट बैंकिंग का उपयोग कर भारत बिल भुगतान प्रणाली के माध्यम से बिल भुगतान।

- इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सेवाएँ – बैंक को जीएसटी संग्रहीत करने के लिए प्राधिकृत किया गया है और उसे ऑनलाइन के माध्यम से करने के लिए सुविधा और शाखाओं में काउंटर पर नकद/चेक/डीडी के माध्यम से जीएसटी एकत्र करने को सक्षम किया है।

- बैंक ने हिंदी में नेट बैंकिंग वेबसाइट को देखने का विकल्प भी प्रदान किया है।

- ईकेवाईसी (ओटीपी) के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण प्रणाली।

- ई–एपीवाई : अटल पेंशन योजना (एपीवाई) वेबसाइट का एक नया मॉड्यूल है, जो ग्राहकों को शाखा के हस्तक्षेप के बिना एनएसडीएल साइट को सीधे एपीवाई जमा करने की सुविधा प्रदान करता है । ग्राहकों के नामांकन की प्रक्रिया को पूरा करने और उन्हें अपनी सदस्यता की स्थिति जानने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया है।

- वीआईटी विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित हरित वेल्लूर परियोजना को प्रायोजित किया गया।

पुरस्कार और प्रशस्तियाँ

आपके बैंक को वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किये गये, जिनमें से मुख्य निम्नानुसार हैं :

व्यापार :

- 'दी इकनोमिक टाइमस बेस्ट बीएफएसआई ब्राण्ड्स 2018' द्वारा 'बेस्ट ब्राण्ड' नामित किया गया।

- फाइनान्शियल एक्सप्रेस / ईवाई द्वारा 'बेस्ट बैंक 2016–17 – राष्ट्रीयकृत बैंक

- एसोकैम सोशल बैंकिंग एक्सलेन्स अवार्डस 2017 – विजेता – बेस्ट सोशल बैंक संवर्ग और रनर अप – प्राथमिकता क्षेत्र ऋणद

प्रौद्योगिकी :

- केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से 'संस्थान में पारदर्शिता हेतु आईटी पहल' और 'सतर्कता जागरूकता पहल' हेतु 'आईटी पहल – विजिलन्स एक्सलेन्स अवार्डस' प्राप्त।

राष्ट्रीय लक्ष्य :

- तमिलनाडु में वर्ष 2016–17 के दौरान स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के बैंक लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक वाणिज्यिक बैंकों में सर्वोत्तम निष्पादन हेतु प्रथम पुरस्कार
- बैंकिंग सेवाओं में एसोकेम सर्विसेस एक्सलेन्स अवार्ड
- 2015–16 के दौरान माइक्रो उद्यमों को ऋणद में उत्तम निष्पादन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार – प्रथम सीन
- एसएचजी अभियान में योगदान हेतु एसएचजी अवार्ड, जोकि सर्वाधिक संख्या में एसएचजी को ऋण से लिंक करनेवाले दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक होने के लिए प्रदान किया गया है।
- स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में उत्कृष्ट निष्पादन, तमिलनाडु में बैंक लिंकेज कार्यक्रम में 2016–17 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों के संवर्ग में प्रदत्त।

प्रशिक्षण :

- गोल्डन पीकॉक – ''राष्ट्रीय प्रशिक्षण'' अवार्ड – वित्तीय क्षेत्र (बैंकिंग) पीएसयू
- वर्ष 2017–18 के लिए इंडियन बैंक स्वनियोजन प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी) को देश में उत्तम निष्पादन करनेवाली आरसेटी का पुरस्कार।

सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) अवार्ड ''ट्रेन्स्फार्मेटिव लीडर्स अभियान''।

भविष्य का पथ :

जीएसटी के स्थिर हो जाने, सामान्य मानसून की प्रत्याशा और खरीफ फसल के लिए न्यूनतम सहारा कीमत की घोषणा के साथ मूलभूत संरचना के लिए वर्धित व्यय तथा सुधारात्मक कदमों को जारी रखने के कारण वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान विकास की गति को तेज बनाने के लिए पर्याप्त प्रेरणा मिलने की संभावना है। आगे, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनः पूंजीकरण की प्रक्रिया तथा इन्सॉल्वेन्सी एण्ड बैंकरप्ट्सी कोड (आईबीसी) के अंतर्गत तनावग्रस्त आस्तियों का तीव्र गति से समाधान होने की प्रत्याशा की जाती है तथा इससे कारोबार एवं निवेश के माहौल के बेहतर होने की संभावना है और इससे बैंकिंग क्षेत्र के तीव्र गति से बेहतर बनने में सहारा मिलेगा क्योंकि अर्थव्यवस्था में ऋण की आवश्यकताएं बढ़ेंगी।

दूसरी ओर, कच्चा तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में परिवर्तनशीलता के कारण ऐसा जोखिम होगा जिससे मुद्रास्फीति पर असर पडेगा तथा यह चालू खाते में घाटे को बढ़ा सकता है।

जैसेकि बैंक विकास के पथ पर अपनी यात्रा को शुरू करता है, निम्न लागतवाली जमाओं (कासा) के संग्रहण पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा और संस्थान की लाभप्रदता और स्थिरता को बेहतर बनाने के मुख्य उद्देश्य के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले ऋणों और आस्ति की गुणवत्ता के संरक्षण पर ध्यान दिया जाएगा। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए और बाहरी माहौल / ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए बैंक प्रौद्योगिकी का बढ–चढकर प्रयोग करेगा ताकि असीमित ग्राहक– केन्द्रिक सेवाएं उपलब्ध करायी जा सके।

और आगे बढ़ते हुए आपके बैंक का मुख्य लक्ष्य यह होगा कि धारणीयता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए गुणवत्ता अभिमुख वृद्धि हासिल किया जाए और रीटेल, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों पर जोर देते हुए कारोबार को सही दिशा प्रदान की जाए।

विकास के लिए चुने गये इस पथ में सफलता, आपके संरक्षण, अटल विश्वास और प्रोत्साहन से ही संभव होगा और मैं आगामी वर्ष में भी इसीकी अपेक्षा करूंगा।

शुभकामनाओं के साथ

आपका

किशोर खरात
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

Shri. Kishor Kharat
Managing Director &
Chief Executive Officer

MD & CEO's Message

Dear Shareholders,

On my personal behalf and on behalf of Board of Directors and employees of the Bank, it is my pleasure to extend a warm welcome to each one of you to the 12th Annual General Meeting of your Bank.

At the outset, I take this opportunity to express my gratitude to each one of our esteemed shareholders for extending their unstinted support all these years.

The Annual Report for the Financial Year ended 31st March 2018, comprising the Directors report, Management Discussion and Analysis, Report on Corporate Governance, Auditors Certificate on Corporate Governance, Financial Statements and Consolidated Financial Statements have been circulated in advance and with your permission I consider them as read.

Before we get to the financials, let me briefly dwell on macro-economic scenario. On account of the high level of inter-connectedness between the domestic and global markets and as global organizations have their view on the state of the Indian economy which is required to be juxtaposed with the home view, it becomes imperative to keep a track of global economy as well on a regular basis, apart from events happening in the Indian economy.

Economic overview Global Economy:

The global economic growth as per forecast of World Bank is expected to edge up to 3.1 percent in 2018 after a much stronger-than-expected growth of 3.0 percent in 2017. This is on the back of recovery in Investment, Manufacturing and Trade. Global economic activity has continued to strengthen and is becoming increasingly synchronized across regions. After lagging behind for two years, global trade is outpacing demand and oil prices have firmed up on the edge of a delicate demand-supply balance.

Coming to advanced economies, growth is expected to moderate slightly to 2.2 percent in 2018, as post-crisis accommodation are gradually removed by the central banks and the upturn in investment growth stabilizes. As against this, the growth in emerging markets and developing economies as a whole is projected to strengthen to 4.5 percent in 2018, as activity in commodity exports continues to recover amid firming prices.

The global outlook continues to be subject to substantial downside risks that include the possibility of financial stress, increased protectionism, rising geo-political tensions coupled with retaliatory actions and Trade wars, even though the near-term growth could surprise on the upside. These may have strong implications for emerging market economies including India.

Indian Economy witnessed several significant happenings during the last Financial Year.

- In its first upgrade of India's rating in 14 years, Moody's raised the country rating from the lowest investment grade of 'Baa3' to 'Baa2', and changed the outlook from 'stable' to 'positive'.
- The Banking Regulation (Amendment) Bill, 2017 was passed which will empower Reserve Bank of India (RBI) to advise/guide Banks in resolution of stressed assets.
- The Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment) Bill 2017 was passed for tightening loopholes in the existing Code and to make the Stressed Assets resolution process more effective.
- Government of India approved recapitalization plan entailing ₹2.11 lakh crore for PSBs in October 2017 that include Recapitalization Bonds of ₹1.35 lakh crore and the balance through Capital Raising by Banks themselves.
- Government of India unveiled PSBs Reforms Agenda **Ease of Access and Service Excellence (EASE)** on 24th January 2018, with a synergistic approach towards transforming PSBs as benchmarks of excellence in less than 2 year span.

- On January 24, 2018, Government of India announced its proposal to infuse ₹ 88,139 crore in 20 Public Sector Banks. Ladies and Gentlemen, it is with great pride, I would like to bring it to the knowledge of this august gathering that your Bank was the only Public Sector Bank which did not have the necessity to approach Government of India for Capital infusion, a fact that was explicitly acknowledged by the Government.

- The Government of India has set a Target of ₹ 3.00 lakh crore to Banks for the MUDRA Scheme and ₹ 3,794 crore towards Credit support, Capital and interest subsidy to MSMEs, to step up lending to MSME Sector so as to ensure an inclusive growth, during announcement of the Union Budget for 2018-19.

- RBI amended statutes thereby allowing lenders to invest in Real Estate Investment Trusts (REITs) and Infrastructure Investment Trusts (InvITs) not exceeding 10 per cent of the unit capital of such instruments.

- A new portal named 'Udyami Mitra' has been launched by Small Industries Development Bank of India (SIDBI) with an aim to improve credit availability to Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs).

Banking Sector:

- The year was another challenging one for Indian Banking Industry with poor credit growth, continued stress on asset quality, higher provisioning requirement due to increased NPAs as well hardening of Bond yields, all these impacting profit, requirement of growth Capital compliance with stringent regulatory requirements, etc. Performance of Banks was also impacted by subdued economic scenario and a dynamic regulatory environment.

- Credit growth was at a record low due to decline in demand on the one side and cautious lending approach of Banks due to asset quality pressures on the other. Other causative factors for Credit demand include slowdown in industrial output, leveraged corporate Balance Sheets and low CAPEX plans.

Journey from Good to Great - A Transformational Journey:

Today, your Bank appears to be star performer in the midst of stressed banking environment caused by NPAs, instances of large value frauds and governance related issues. Your Bank has established itself as a strong Bank, based on much improved performance in all key financial parameters.

The Bank has been self sustaining in terms of Capital by continuous plough back of Profit while at the same time, maintaining its track record of paying dividend to its Shareholders since 2007. Your Bank is being rated as one of the top Banks amongst PSBs and in fact, categorized under **"Best BFSI Brands 2018"** by The Economic Times.

As I run through the Bank's performance during FY 2017-18, you would be pleasantly surprised to note that our financial results helped to establish a clear message that public sector characteristic need not necessarily be a stumbling block for outstanding performance.

During the year, Bank has focused on 5 broad themes viz., 'Galvanising Business Parameters', 'Revitalising Customer Service', 'Enhancing Asset Quality', 'Augmenting Operational Efficiency' and 'Transforming to Digital Banking'. By following this Panch Mantra, Bank achieved many significant milestones as it embarked on its mission to transform itself from being a 'Good Bank' to a 'Great Bank'.

Reorientation of business strategy with focus on Retail, Agriculture and MSME (RAM) sectors yielded good results and Bank was able to achieve sizable growth in Advances.

Financial highlights

Against this backdrop, I would like to present a snapshot of the Bank's performance in key parameters.

- Business grew by 17.91% to ₹ 3,71,020 crore for the year ended March 2018 with growth in Deposits by ₹ 25,785 crore (14.13%) to ₹ 2,08,294 crore and Advances by ₹ 30581 crore (23.14%) to reach a level of ₹ 1,62,726 crore, in the process growing.

- Operating Profit for the FY 2017-18 grew by 25% and it was at ₹ 5000.99 crore while Net Profit was at ₹ 1258.99 crore.

- Bank is adequately capitalised which provides cushion against Asset side risks. With CRAR at 12.55% under Basel III as at the end of March 2018, Bank has plans to tap the market at the appropriate time during FY 2018-19 to raise Capital for the growth plans and also to bring down the stake of Government of India below 75% as per regulatory guidelines. Bank has already got necessary approval from esteemed Shareholders to raise Capital upto ₹ 7000 crore (including premium) in one or more tranches, based on the requirements, through different modes.

- Return on Assets (ROA) at 0.53% is one of the best among Public Sector Banks.

